राँची में खेलो इंडिया के तहत बनेगा 3 खेलों का एक्सीलेंस सेंटर

चर्चा में क्यों?

18 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार की पहल पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की ओर से झारखंड के राँची में तीन खेलों का एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इसी सत्र से शुरू करने की तैयारी है।

प्रमुख बिंदु

- मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पेल्क्स होटवार में यह सेंटर खोला जाएगा। इस सेंटर में तीन खेलों के विशिषज्ञ खिलाड़ी तैयार किये जाएंगे। इनमें हॉकी, एथलेटिक्स और तीरंदाजी शामिल हैं। सेंटर खुलने से झारखंड के सीनियर खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने का मंच मिलेगा।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से साईं के मार्फत सभी राज्यों में एक-एक एक्सीलेंस सेंटर खोला जाना है। अधिकांश राज्यों में इसकी शुरुआत हो भी चुकी है। झारखंड सरकार से भी राँची में साई की ओर से सेंटर के लिये प्रस्ताव मांगा गया था। सरकार की ओर से इसके लिये कार्यान्वयन एजेंसी झारखंड खेल प्राधिकरण (साझा) को बनाया गया है। जल्द ही साझा और साई के बीच औपचारिक एमओयू होगा।
- विदित है कि साई के प्रस्ताव के आधार पर सेंटर खोलने का प्रस्ताव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पेल्क्स होटवार में दिया गया था। इसे तय मानते हुए कार्यान्वयन एजेंसी साझा की ओर से खिलाड़ियों के लिये आवासीय और प्रशिक्षण सुविधा के अनुरुप आवश्यकता की रिपोर्ट मांगी गई थी। साझा ने डिटेल रिपोर्ट साईं को भेजी है।
- इसके तहत 139 खिलाड़ियों के लिये संपूर्ण व्यवस्था के साथ सेंटर शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था खेलो इंडिया के नॉर्म्स के आधार पर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिये की जाएगी। खिलाड़ियों का चयन साझा और साई मिलकर करेंगे। खेलो इंडिया की गाइडलाइन के आधार पर आवश्यक नियुक्तियाँ साझा करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/center-of-excellence-for-3-sports-to-be-built-under-khelo-india-in-ranchi